आचारांग के शस्त्रपरिज्ञा के पंचम उद्देश्य में वनस्पति की जीवंतता स्पष्ट परिलक्षित है। प्राचीन वैदिक साहित्य में हिन्दू दृष्टि में भी वनस्पति में अन्तःकरण और इन्द्रिय प्रत्यक्ष की क्षमता मान कर वनस्पति काटने में हिंसा मानी गई है - 'वर्जयेद् बीजवधम्' (गौतमधर्मसूत्र, 3.22 )।

जैन तथा हिन्दू दोनों मान्यताओं में वनस्पतिच्छेदन निषेध किया गया है, जिससे स्वयं वनस्पति तथा आश्रित जीवों की हिंसा न हो।

4. आचारांग के चतुर्थ अध्ययन में श्रमण और ब्राह्मण शब्द एक दूसरे के पर्यायवाची के रूप में प्रयुक्त हुए हैं - " समणा य माहणा य.......” (आचारांग, 4.2.238)।

वैदिक काल में ब्राह्मण, श्रमण, परिव्राजक आदि अनेक प्रकार के अणगार (संसार / गृहत्यागी) मुनि विहार करते रहते थे । उनकी चर्या प्रायः समान होती थी । वे संसार त्यागी, तप और व्रत द्वारा आत्मज्ञान अथवा मुक्ति के मार्ग को अपनाते थे। जैन और बौद्ध साहित्य में श्रमण-ब्राह्मण नाम का अनेक स्थलों पर प्रयोग हुआ है।

उत्तरकालीन जैन आगमों में अनेक स्थलों पर महावीर के लिये ब्राह्मण शब्द तथा अनेक बार श्रमण शब्द का प्रयोग हुआ है। प्राचीन जैन आगम तथा वैदिक उपनिषद् ग्रन्थों की शब्दावली का साम्य यह सिद्ध करता है कि जैन-बौद्ध-जैनेतर

ग्रन्थों में नास्तिक आस्तिक जैसा कोई विरोध वास्तव में नहीं है।

आचारांग सूत्र के 'शस्त्रपरिज्ञा' अध्ययन में 'गुण' से अगुत्त-अगुप्त-असंरक्षित रहते हैं, उन गुणों से आकृष्ट होकर भ्रमित होते हैं और प्रमत्त होकर गुणों में आसक्त (रचे) रहने का नाम हिंसा - दंड है-

“जै पमत्ते गुणट्ठिए से हु दंडे त्ति पवुच्चइ” (आचारांग 1.4.31)। जो गुण है वह आवर्त- जन्ममरण का घेरा है-" जे गुणे से आवट्ट जे आवट्ट से गुणे" ( आचारांग 1.5.39 )।

आचारांग लोकविचय नामक द्वितीय अध्ययन में बताया है, कि अज्ञानी जन्मरण के फेरे में अटका रहता है- 'जाइमरणं” अणुपरियट्टमाणे..( आचारांग 2.86 ) । श्वेताश्वतर उपनिषद् में भी ऐसी परिभाषाएँ मिलती हैं जिसमें संसार के वर्णन के लिये योनि (कारण), स्रोत, आवर्त, ओध, पर्व (ग्रंथि-गांठ, बंधन), गुण जैसे शब्द युक्त हुए हैं जैसे - " पंचावर्तां........ । अस्मिन् हंसो भ्राम्यते ब्रह्मचक्रे” (श्वेताश्वतर उपनिषद्, 1.5.6 ) । इसी प्रकार 'आरभ्य कर्माणि गुणान्वितानि.... (श्वेताश्वर उपनिषद्, 6.4) आदि "।

सारांश यह है कि प्राचीन साहित्य तथा प्राचीन जैन साहित्य के आलोडन से स्पष्ट हो जाता है, कि जैनदर्शन वेदविरोधी नहीं है।

**संदर्भ**

1. अंगपविट्ठ सुत्ताणि, पढमो सुयखंधो, (सम्पा.) डोशी एवं चण्डालिया, अखिल भारतीय जैन संस्कृति रक्षक संघ, सैलाना (म.प्र.), 1979

2. आवश्यक निर्युक्ति, भाग 1, श्री भेरुलाल कन्हैयालाल कोठारी धार्मिक ट्रस्ट, मुम्बई, वि.सं. 2038

3. लुप्तप्राय आदिकालीन जैन तत्वज्ञानना गूढ संकेतो; बंसीधर भट्ट, गुजरात विधानसभा, बी. जे. अध्ययन संशोधन विद्याभवन, अहमदाबाद, 1996|

# आदि तीर्थङ्कर भगवान ऋषभदेव

**डॉ. सरोज कोचर**
अध्यक्ष
राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर

जैन धर्म एवं दर्शन के उद्भव इसके आंतरिक सौंदर्य की गरिमा एवं दिव्य उपलब्धियों का कालसंवर्धन प्रत्यक्षदर्शी रहा है। इस धर्म के द्वारा करुणामयी सभ्यता का विकास हुआ। इस धर्म के द्वारा प्रकृति की सुरक्षा एवं संबंधन के लिये भगीरथ प्रयास किए गये। मानव सभ्यता के विकास की धारा अत्यन्त दीर्घ एवं प्राचीन है। ऋषभदेव इस आदि मानव सभ्यता के सूत्रधार थे। जैन परिभाषा में यह काल युगलियों का था।

**ऋषभ का युग :** कालचक्र परिवर्तित हो रहा था। मूल्यों का ह्रास हो रहा था। ऋषभदेव ने सभ्यता एवं संस्कृति के अंगों उपांगों का बीजारोपण किया। कल्पवृक्षों की संस्कृति विराम ले रही थी, प्रकृति का वैभव क्षीण हो रहा था, वृक्षों से फल-फूलों की प्राप्ति कम होने लगी। किन्तु उपभोक्तावादी संस्कृति का जनसंख्या में वृद्धि होने के कारण आधिक्य हो गया। सभ्यता एवं शिक्षण के अभाव में मनुष्य दिग्भ्रान्त हो रहा था। जनता में संग्रहबुद्धि की वृद्धि होने लगी। भविष्य की चिन्ता के कारण आपस में वैर, विरोध, घृणा, द्वेष आदि पनपने लगा। उदारता, सहिष्णुता, नि:स्पृहता, बंधुत्व भावना में कमी होने के कारण निष्क्रिय से सक्रिय कर्मभूमि का आरम्भिक काल था। क्षुधानिवारण जैसी मूलभूत आवश्यकता की सम्पूर्ति का उपाय दृष्टिगोचर नहीं हो रहा था। तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था का संचालन कुलकर करते थे। ऋषभदेव के पिता नाभिराय अंतिम कुलकर थे। कुलकरों को मनु भी कहा गया। सभ्यता के संक्रान्तिकाल में समय के पारखी नाभिराजा ने जन नेतृत्व का दायित्व अलौकिक गुणों से युक्त अपने सुयोग्य पुत्र ऋषभ कुमार को दिया। मानव जाति के लिए वह समय कठिन था। संकटग्रस्त मानव समूह को राज्य संचालन में दक्ष राजा की आवश्यकता थी, जिसे ऋषभदेव ने पूर्ण किया।

**ऋषभकुमार का परिवार :** श्वेताम्बर जैन परम्परा के अनुसार ऋषभ कुमार का जन्म विनीता नगरी (अयोध्या) के राजा नाभिराय की सहधर्मिणी माता मरुदेवी की कुक्षि से हुआ। ऋषभदेव तीर्थंकर थे, अत: गर्भ में आगमन से पूर्व च्यवनकाल से ही वे मति, श्रुत एवं अवधि इन तीनों ज्ञानों के धारक थे। परिणामस्वरूप किसी कलागुरु

या कलाचार्य के पास शिक्षा ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं थी। वे सम्पूर्ण विद्याओं, निखिल कलाओं के सिद्धहस्त पारगामी जगद्गुरु थे। श्री महाराजा श्री नाभिराजा एवं देवराज इन्द्र की मन्त्रणा के आधार पर इनका विवाह सुमंगला और सुनन्दा नाम की कन्याओं से हुआ। यह विवाह मानव समाज के हितार्थ कालप्रभाव से वृद्धि को प्राप्त विषय-वासना को सीमित करने, पतन से बचाने के सूत्रपात के रूप में था। सुमंगला ने युगल के रूप में भरत और ब्राह्मी तथा सुनन्दानं बाहुबली और सुन्दरी को जन्म दिया। सुमंगला ने कालान्तर में ४९ युगल पुत्रों को जन्म दिया।

ऋषभदेव के १०० पुत्र तथा २ पुत्रियाँ कुल १०२ सन्तानें थीं। दिगम्बर परम्परा के अनुसार १०१ पुत्र तथा २ पुत्रियाँ थी।

**प्रशिक्षण के विविध रूप :** ऋषभदेव मात्र परलोक की कल्पना में रमण करने वाले नही थे, अपितु समाज परिमार्जन, परमार्थ की भावना से ओत-प्रोत युगद्रष्टा भी थे। उन्होंने अपनी पुत्री ब्राह्मी को ब्राह्मी लिपि सिखाते हुए महिलाओं की ६४ कलाओं का ज्ञान दिया। सुन्दरी को गणित ज्ञान की कला सिखाई। ज्येष्ठ पुत्र भरत को पुरुषों की ७२ कलाओं लेखनकला आदि तथा बाहुबली को प्राणी-लक्षण का ज्ञान दिया।

तत्कालीन समस्याओं के निवारणार्थ असि, मसि, वृषि की शिक्षा दी। सभी को परिश्रम पुरुषार्थ से उपार्जन करना सिखाया। उपार्जित सम्पदा का मिल कर उपयोग करें तथा फिर विसर्जन का दर्शन दिया। युग की माँग को सर्वोपरि मानकर जीवन जीने की नवीन दिशा दी युगबोध दिया।

कुमार ऋषभ ने अग्नि का बोध देकर गीली मिट्टी से पात्र बनाने उनमें भोजन पकाने की कला से अवगत कराया। समय समय पर सही मार्गदर्शन से समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने जिन कार्यों की व्यवस्था दी, उन्हें षट्कर्म संज्ञा से अभिहित किया गया है। वे इस प्रकार है-

१. **असि -** शौर्य और शक्ति से सम्बन्ध रखने वाले कार्य

२. **मसि -** लेखन से सम्बन्धित कार्य

३. **कृषि -** अन्न और वनस्पति के उत्पादन से सम्बन्धित कार्य

४. **विद्या -** बुद्धि कौशल से सम्बन्धित कार्य .

५. **शिल्प-** हस्तकला एवं निर्माण से सम्बन्धित कार्य

६. **वाणिज्य -** व्यवसाय, वितरण से सम्बन्धित कार्य

कुमार ऋषभ ने लोक जीवन को स्वावलम्बी बनाना आवश्यक समझा। राष्ट्रवासी अपना जीवन सरलता पूर्वक आसानी से व्यतीत कर सके, अत: १०० शिल्प कर्मों की शिक्षा दी। आवश्यक चूर्णि के अनुसार कुम्भकार का कर्म सिखाने के पश्चात् वस्त्र क्षीण होने पर पटकार-कर्म गेहागार वृक्षों के अभाव में वर्धकी कर्म, फिर चित्रकार कर्म और रोम नखों के बढ़ने पर काश्यपक अर्थात् नापित-कर्म सिखाया। इन पाँच मूल शिल्पों के २०-२० भेदों से १०० प्रकार के कर्म उत्पन्न हुए। एवं ता पढमं कुम्भकारा उपपन्ना--- पच्छा रोमनरवाणि वड्ढंति ताहे कम्मकरा उत्पाझ्झाण्हाविया य----- एवं सिप्पसयं एवं ता सिप्पाण उप्पत्ति।।

**ऋषभ का राज्याभिषेक :** प्रकृति द्वारा सम्पूर्ण सुविधाओं यथा - कन्दमूल-फल- फूल, धन-धान्य आदि की उत्पत्ति अपर्याप्त, प्रभावहीन होने से अपराध-वृत्ति में छीना-झपटी पारस्परिक कलह कटुता वैमनस्य आदि में वृद्धि होने लगी। परिणामस्वरूप अन्तिम कुलकरों द्वारा प्रचलित धिक्कार की दण्डनीति भी नित्यप्रभावी सिद्ध होने लगी। प्रजा द्वारा ऋषभ कुमार को जीवन - निर्वाह हेतु समुचित व्यवस्था एवं मार्ग दर्शन देने की प्रार्थना की गई। अपराध वृत्ति पर अंकुश के लिए राजा ही दण्डनीति (दण्डव्यवस्था) का निर्धारण करते। इससे प्रजा कुमार को अपना राजा बनाना चाह रही थी, किन्तु कुमार ने कहा महाराज नाभि हमारे पूज्य हैं, उनके चरणों में उपस्थित होकर उन्हें राज्यपद के लिए निवेदन करें। नाभि ने असमर्थता प्रकट करते हुए कुमार ऋषभ को राज सिंहासन पर आसीन करने के लिए कहा। अत्यंत हर्षोल्लासपूर्वक महाराज नाभि के द्वारा अपने पुत्र का राज्याभिषेक किया गया। इस प्रकार भगवान ऋषभदेव इस अवसर्पिणी काल के प्रथम राजा हुए। यहाँ कुलकर व्यवस्था समाप्त हुई और राज्यव्यवस्था प्रारम्भ हुई।

**राज्यसंचालन -** महाराज ऋषभदेव ने राज्यव्यवस्था हेतु आरक्षण दल सुगठित किया। इसके अधिकारी 'उग्र" कहे गये। मंत्रिमण्डल का निर्माण किया, पृथक-पृथक उत्तरदायित्व दिए गए। विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों को "भोग" नाम से सम्बोधित किया। सम्पूर्ण राष्ट्र को ५२ सौ जनपदों में विभक्त किया। शासनसंचालन हेतु सुयोग्य व्यक्तियों का महामाण्डलिक राजा के रूप में अभिषेक किया। उनके अधीन अनेक छोटे-छोटे राजा रहते थे। शासन सम्बन्धी विचारों के आदान-प्रदान हेतु परामर्श मण्डल की स्थापना की। ये राजा महामाण्डलिक, मांडलिक, राजन्य, क्षत्रिय आदि उपाधियों से विभूषित हुए।

शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रजा से थोड़ा-थोड़ा कर लेते एवं प्रजा के हितार्थ उन्हीं में खर्च कर देते।

**दण्डव्यवस्था-** सामाजिक जीवन को व्यवस्था देने के साथ ही उसके संचालन के लिए ऋषभदेव ने प्रशासनिक व्यवस्था को भी नया स्वरूप प्रदान करते हुए दण्डव्यवस्था का विधान किया। अपराध निरोध के लिए निम्नलिखित दण्ड व्यवस्था प्रचलित की –

१ **परिभाषण-** साधारण अपराध के लिए अपराधी को कड़े आक्रोशपूर्ण शब्दों से दंडित करना।

२. **मंडली बंध-**अपराधी को नियत समय के लिए सीमित क्षेत्र, मण्डल में रोके रखना।

३. **चारक बंध-** अपराधी को बन्दी गृह में बन्द रखना।

४. **अंगविच्छेद-** बार-बार जघन्य अपराध करने वालों के शरीर के अंगों का छेदन करना।

उपर्युक्त नीतियों के बारे में विभिन्न मत भी प्राप्त होते है। कतिपय आचार्यों के मतानुसार अन्तिम दो नीति चक्रवर्ती भरत जो कि उन्हीं के पुत्र थे, उनके शासनकाल में प्रचलित हुई। परन्तु आचार्य भद्रबाहु के मतानुसार चारों नीतियाँ ऋषभदेव के शासनकाल की हैं।

**वर्ण व्यवस्था-** महराजा ऋषभदेव से पूर्व सम्भवतया वर्ण या जातिव्यवस्था नहीं थी। ऊँच-नीच का भेदभाव नहीं था। केवल मानव जाति थी। सामाजिक जीवन से नितान्त अनभिज्ञ तत्कालीन मानवसमाज शान्त सुखमय जीवन व्यतीत कर सके, उस हेतु सह-अस्तित्व, सहयोग, सहृदयता सहिष्णुता, सौहार्द सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए पूर्णतया श्रेष्ठ समाज की आधारशिला रखी।

जो शारीरिक दृष्टि से सुदृढ और शक्ति- सम्पन्न थे उन्हें प्रजा की रक्षा के कार्य में नियुक्त कर 'क्षत्रिय' शब्द से सम्बोधित किया। जो कृषि, पशुपालन एवं वस्तुओं के क्रय-विक्रय अर्थात् वाणिज्य कर्म में दक्ष थे उन्हें "वैश्य" वर्ण से अभिहित किया गया। क्षत्रिय एवं वैश्य के कार्यों में इच्छा नहीं रखने वाले जनसमुदाय की सेवा में सन्धि रखने वाले वर्ग को 'शूद्र' की संज्ञा दी गई। इस प्रकार महाराज ऋषभदेव के शासन में क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र इन तीन वर्णों की उत्पत्ति हुई।

आचार्य जिनसेन के मतानुसार उपर्युक्त त्रिवर्ग के नैतिक जीवन निर्माण में बौद्धिक सहयोग रहे इस लक्ष्य को नजरमध्य रख कर महाराज ऋषभदेव के पुत्र चक्रवर्ती भरत ने ज्ञानवान् दयावान् व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए उन्हे 'माहण' अर्थात् 'ब्राह्मण' नाम से सम्बोधित किया।

**दीक्षा- (संयमी जीवन और निर्वाण) :** महाराजा ऋषभदेव लोककल्याण की भावनाओं से ओत प्रोत थे। पदलिप्सा लेशमात्र नहीं थी। प्रजा ने उन्हें अपना राजा बनाया। जनहिताय, अनुशासन प्रिय, स्वावलम्बी, सुसभ्य समाज की संरचना करते हुए ६३ लाख वर्ष तक राज्य का न्याय एवं प्रेमपूर्वक संचारण किया। उन्होंने स्थायी शान्ति हेतु अध्यात्म साधना करने के लिये ज्येष्ठ पुत्र भरत को राज्य का उत्तराधिकारी बनाया शेष ९९ पुत्रों को पृथक-पृथक राज्यों का दायित्व देकर अपने चरण आत्म साधना हेतु अग्रेषित किए अर्थात् दीक्षार्थ अभिनिष्क्रमण किया। इन्हीं चक्रवर्ती भरत के नाम से देश का नाम भारत हुआ।

इधर प्रभु ऋषभदेव कठोर तपश्चर्या एवं साधना में निरन्तर उत्कर्ष को प्राप्त कर रहे थे, चरम अवस्था की ओर अग्रसर हो रहे थे, उधर राजा भरत अपने राज्य का निरन्तर विस्तार कर रहे थे तथा जम्बूद्वीप के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट् बने।

भगवान ऋषभदेव ने १००० वर्ष कम १ लाख वर्ष तक तीर्थंकर पर्याय में भारत के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण करते हुए जैन धर्म को सार्वभौम धर्म के रूप में प्रतिष्ठित किया। माघ कृष्णा त्रयोदशी के दिन अभिजित नक्षत्र के योग में दिन के पूर्व भाग में प्रभु ऋषभदेव अष्टापद पर्वत पर निर्वाण को प्राप्त हुए। उस समय तीसरे आरक के समाप्त होने में ८९ पक्ष अर्थात् ३ वर्ष ८ माह और १५ दिन शेष थे।

ये ऋषभदेव आदिदेव कहलाये। वैदिक परम्परा में माघकृष्णा चतुर्दशी के दिन आदिदेव का शिवलिंग के रूप में उद्भव माना गया है। सम्भवतया भगवान ऋषभदेव की चिता पर जो स्तूप निर्मित हुआ, वही आगे चलकर स्तूपाकार चिह्न शिवलिंग के रूप में लोक में प्रचलित हुआ।

भगवान ऋषभदेव के पांच कल्याणक सर्वार्थसिद्ध विमान से च्यवन, जन्म, राज्याभिषेक, दीक्षा, केवल ज्ञान आदि उत्तराषाढा नक्षत्र में हुए तथा अष्टकर्मों का क्षय कर अभिजित् नक्षत्र में मोक्षगमन हुआ।

**जैनेतर साहित्य में ऋषभदेव :** जैनेतर साहित्य में ऋषभ देव को अनेक नामों से अभिहित किया गया है। वे हिरण्यगर्भ प्रजापति, लोकेश, नाभिज, चतुरानन, स्रष्टा और स्वयंभू थे। हिरण्यगर्भ- जब भगवान माता मरुदेवी के गर्भ में आए उसके छः मास पहले अयोध्यानगरी में हिरण, सुवर्ण तथा रत्नों की वर्षा होने लगी थी। इसलिए आपका हिरण्यगर्भ नाम सार्थक है। अन्य मत इस प्रकार है कि माता के गर्भ में शिशु के आने पर कुबेर ने हिरण्य की वृत्ति की इसलिए हिरण्यगर्भ कहलाए।

**प्रजापति -** कल्पवृक्षों के समाप्त होने के बाद असि, मसि, कृषि आदि षट्कर्मों से प्रजा का पालन-पोषण एवं रक्षा करने के कारण आप प्रजापति कहलाये।

**लोकेश-** समस्त लोक के स्वामी होने के कारण आप लोकेश कहलाये।

**नाभिज-** नाभिराज नामक मनु से उत्पन्न नाभिज हुए।

**चतुरानन-** समवसरण में चारों ओर से आपके दर्शन होते थे अत: चतुरानन कहलाए।

**स्रष्टा-** जीवन निर्वाह के संसाधनों, राज्य संचालन की व्यवस्था आदि के प्रवर्तक होने से स्रष्टा कहलाए।

**स्वयम्भू-** आत्म साधना, तप आदि से आत्म गुणों का विकास करने में तीर्थकर बने स्वयम्भू कहलाए।

वैदिक परम्पराओं के साहित्य में ऋषभदेव का परिचय प्राप्त होता है। पुराणों में वंश परम्परा का उल्लेख मिलता है।

लिङ्ग पुराण के ४७ वें अध्याय के अनुसार नाभि की रानी मेरु देवी से पुत्र हुआ, जिसका नाम ऋषभ था। वह सब राजाओंमें श्रेष्ठ और पूजित था। ऋषभ से वीर पुत्र भरत हुआ।

विष्णुपुराण के अनुसार ब्रह्माजी ने अपने से उत्पन्न स्वयं की ही स्थापना कर स्वायंभुव को प्रथम मनु बनाया। स्वायंभुव मनु से प्रियव्रत, प्रियव्रत से आग्नीघ्र आदि दस पुत्र, आग्नीघ्र से नाभि तथानाभि से ऋषभ हुये।

विष्णुपुराण के अनुसार नाभि की प्रिया मरुदेवी की कुक्षि से अतिशय कान्तियुक्त पुत्र ऋषभ हुआ। ऋषभ ने राज्य करते हुए वीर पुत्र माता को राज्याधिकार सौंपा और स्वयं ने तपश्चर्या हेतु पुलहाश्रम की ओर प्रस्थान किया। तब से यह हिमवर्ष लोक भारत के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

श्रीमद्भागवत में ऋषभदेव को यज्ञपुरुष विष्णु का अंशावतार माना गया है। ऋषभदेव को साक्षात् ईश्वर भी कहा है। भागवत में इन्द्र द्वारा दी गई जयन्ती कन्या से ऋषभ का विवाह हुआ और उसके गर्भ से सौ पुत्रों के होने का उल्लेख है। इसमें ऋषभ चरित्र की महिमा का वर्णन मिलता है।

ब्रह्मावर्तपुराण के अनुसार ऋषभदेव ने अपने पुत्रों को अध्यात्मज्ञान की शिक्षा दी, स्वयं ने अवधूतवृत्ति स्वीकार की।

शिवपुराण के अनुसार शिव ने ही आदि तीर्थंकर ऋषभदेव के रूप में अवतार लिया।

**भारत वर्ष नामकरण :**

मधुसूदन ओझा द्वारा रचित इन्द्रविजय के नामधेय प्रसङ्ग में (भारतवर्षस्य चत्वारि नामानि) में ऋषभपुत्र भरत से भारतवर्ष हुआ इसका उल्लेख किया है। स्कन्दपुराण में भारत वर्ष को नाभिवर्ष भी कहा गया है। यदिदं भारतवर्ष स्कान्दे तन्नाभिवर्षमप्युक्तम्।

भारत शब्द-प्रयोग के चार मतों में से ऋषभपुत्र भरत का मत इस प्रकार है - स्वायंभुवस्य हि मनोराग्नीघ्र: ---- वीर: पुत्रशताद्वर: ॥

स्वायम्भुव मनु के आग्नीघ्र नाम के पुत्र हुए, आग्नीघ्र के नाभि, नाभि के ऋषभ हुए और उनके पुत्र भरत हुए, जिनका यह देश हुआ अर्थात् इन्हीं भरत के नाम से यह देश "भारत" कहलाया। हे द्विज ! आग्नीघ्र के पुत्र नाभि, उनके पुत्र ऋषभ के भरत नाम का पुत्र हुआ जो सौ पुत्रों में सर्वश्रेष्ठ था। राजा भरत ने कैलाश पर्वत पर भव्य जिनालय का निर्माण करवा कर उसमें भगवान ऋषभदेव की प्रतिमा स्थापित की।

उपलब्ध साहित्य के विवेचन से यह स्पष्ट है कि ऋषभदेव युगादि के सम्पूर्ण मानवों के आदि व्यवस्थापक तथा प्रथम तीर्थंकर हुए, जिन्हें आदिनाथ भी कहा जाता है।

धर्म एवं संस्कृति के प्रथम उपदेशक भगवान ऋषभदेव ने मानवीय चेतना को उद्बुद्ध करके मानवों के पुरुषार्थ को भौतिक एवं आध्यात्मिक प्रगति की दिशा की ओर प्रेरित किया। भगवान ऋषभदेव को सार्वभौम लोकनायक, धर्मनायक, हृदयसम्राट के रूप में स्वीकार किया गया है। उनके द्वारा प्रस्थापित धर्ममार्ग "विश्वधर्म" अथवा शाश्वत धर्म के नाम से विख्यात हुआ। यह विश्वधर्म सम्पूर्ण विशेषणों से रहित मात्र 'धर्म' ही था। प्रथम धर्मप्रवर्तक ऋषभदेव मानव-जाति के सर्वप्रथम उद्धारकर्ता थे।

श्रीमद्भागवत के अनुसार वे वेदों के भी परमगुरु थे "सकल वेद-लोक-देव-ब्राह्मण-गवां परमगुरोर्भगवतः ऋषभाख्यस्य"। उनके अवतार के माहात्म्य को बताते हुए कहा गया है कि "अयमवतारो रजसोपप्लुत कैवल्योपशिक्षणार्थ:" भगवान का यह अवतार रजोगुण से व्याप्त लोगों को मोक्ष-मार्ग की शिक्षा देने के लिए हुआ था। इस प्रकार ऋषभदेव की महिमा श्रद्धा के साथ मुखरित हुई है।

# पुस्तक समीक्षा - विश्वेश्वर स्मृतिः

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**
समन्वयक - पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र,
वैदिक हेरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान, जयपुर

विश्वेश्वरस्मृति की रचना पं. विश्वेश्वरनाथ रेऊ जी ने की। इसका हिन्दी अनुवाद उनकी श्रीमती जी ने प्रस्तुत किया, जो अनुवाद टीका-कलावती के नाम से प्रसिद्ध है। श्री रेऊ जी ने इस स्मृति को अपनी धर्मपत्नी की स्मृति के रूप में विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो उनकी जीवितावस्था में प्रकाशित नहीं हो सकी थी।

श्री रेऊ जी ने स्मृति का समर्पण करते हुए लिखा है-

**कलावत्या यया यत् स्वभाषया भूषितं स्मृतेः।**
**पूर्वार्धं, तत्स्मृतावेव सानुरागः तदर्प्यते ।।**

इस स्मृति को दो भागों में विभाजित किया गया है-पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध। विश्वेश्वरस्मृति का उत्तरार्द्ध 'आर्य-विधानम्' है। वैसे 'आर्य-विधानम् अपने आप में एक स्वतंत्र ग्रन्थ है। विश्वेश्वरस्मृति के पहले भाग में युगधर्म की चर्चा की गयी है। अब प्रश्न यह उठता है मनु-याज्ञवल्क्य- पाराशर-देवल आदि अनेक स्मृतियाँ पहले से ही विद्यमान थीं, फिर इस नवीन स्मृति की रचना का क्या प्रयोजन? इसके जवाब में रेऊ जी का कहना है, कि आर्यावर्त अब परिवर्तित हो गया है—बिजली, रेडियो, दूरदर्शन से आर्यावर्त की सीमाएँ इतनी बढ़ गयी हैं और भारत में इतनी नई जातियाँ आ गयी हैं, अनेक लोग विदेश में जाकर बस गए हैं—इस नयी व्यवस्था पर मनुस्मृति लागू नहीं की जा सकती। फिर भी यह स्मृति एकदम नवीन नहीं है— मनुस्मृति का नवीनीकरण है—देशकाल के अनुसार इसका यह नया रूप है। इस स्मृति में मनुस्मृति के समान ही बारह अधिकार हैं।

प्रथम अधिकार में सृष्टि की उत्पत्ति के विषय में पौराणिक मतों के साथ ही नवीन वैज्ञानिक मत भी प्रस्तुत किये गये हैं। सृष्टि क्रम का वर्णन करते हुए पं. रेउँ जी ने लिखा है कि ब्रह्माण्डरूपी समुद्र में उत्तम नीहारिका के रूप में कुण्डलियों द्वारा समस्त स्थान को व्याप्त कर सब तरफ शेषनाग शोभित था। वहाँ नारायण सोये हुए थे। भगवान् के 'एकोऽहं बहु स्याम्' की कल्पना से उस नीहारिका में चक्र की सी गति हो गई। उससे बानवे तत्त्व उत्पन्न हुए।

मनुष्यों की उत्पत्ति के स्थान पर रेऊ जी ने कहा है कि यह स्थान जम्बूद्वीप हो सकता है। रेऊ जी ने चारों युगों पर भी इस अध्याय में अपने विचार प्रकट किये हैं।

द्वितीय अधिकार में रेऊ जीने धर्म की व्याख्या की है। इस अधिकार में रेऊ जी संस्कारों की सम्पन्नता पर विशेष रूप से जोर देते हैं। अनध्याय के सम्बन्ध में भी रेऊ जी ने अपने विचार प्रकट किये हैं, जो आधुनिकयुगीन हैं। तृतीय अधिकार में रेऊ जी ने गृहस्थ धर्म का विवेचन करते हुए विवाह संस्कार के विषय में अपने पूर्णत: सुलझे हुए विचार रखे हैं।

पंचमहायज्ञों के सम्बन्ध में रेऊ जी ने कहा है कि पंच महायज्ञों का अनुष्ठान प्रत्येक गृहस्थ के लिए अनिवार्य होकर अपनी सामर्थ्य के अनुसार होना चाहिए। चतुर्थ अधिकारमें गृहस्थ के कर्त्तव्यों का विवेचन किया गया है। स्पर्शास्पर्श के विषय में भी रेऊ जी ने अपने नवीन विचार प्रकट किये हैं, कि अछूत वे हैं जो गन्दे व मैले वस्त्र पहनते हैं या ऐसे कर्म करते हैं।

पंचम अधिकार में भक्ष्याभक्ष्य के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया है। जन्माशौच एवं मरणाशौच एवं शुद्धि के सम्बन्ध में रेऊ जी अन्य स्मृतिकारों का समर्थन करते हैं। 'स्त्री - धर्म' भी इसी अधिकार के अन्तर्गत आता है। षष्ठ अधिकार में वानप्रस्थी के धर्म का उल्लेख किया गया है तथा इसी प्रकरण संन्यासियों के धर्मों का भी विवेचन प्राप्त होता है।

सप्तम अधिकार में राजधर्म एवं उनके कर्त्तव्यों की विशेष रूप से चर्चा की गयी है। उनका कहना है कि वही राजा विजय प्राप्त कर सकता है, जिसके पास भिन्न-भिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्र विद्यमान रहते हों। अष्टम अधिकार में व्यवहार का उल्लेख किया गया है। रेऊ जी का कहना है कि राजा से तात्पर्य 'न्यायाधीश' से होताहै।

नवम अधिकार में गृहस्थ एवं राजाओं के कृत्य बतलाये गये हैं। सर्वप्रथम स्त्रियों की रक्षा के लिए जोर दिया गया है। रेऊ जी पुनर्विवाह पर जोर देते हैं। रेऊ जी ने अन्य महर्षियों की भाँति 12 प्रकार के पुत्रों का उल्लेख किया है।

दशम अधिकार में चारों वर्णों के अनुष्ठेय कर्मों का वर्णन है। एकादश अधिकार में प्रायश्चित्त का विधान है। पश्चात्ताप ही सबसे बड़ा प्रायश्चित्त है। अत: सभी मनुष्यों को यह प्रयत्न करना चाहिए कि वह अपना कार्य नियमित करे।

द्वादश अधिकार में कर्मों के प्रकार निर्दिष्ट हैं । प्रत्येक व्यक्ति को उत्तम कार्य करने चाहिए, ताकि लोक में पूज्य एवं विख्यात रहे।

इस स्मृति के प्रत्येक अधिकार के अन्त में एक पद्य मिलता है, जो श्री हर्ष की परम्परा का पोषण करता है। इससे यह पता चलता है कि रेऊ जी के पिता का नाम श्रीमुकुन्दमुरारि था तथा माता का नाम श्रीमती चांदरानी था।

आधुनिक धर्मों का विश्लेषण करने वाली यह स्मृति वास्तव में परम उपयोगी है। समय क्रम से आने वाली अनेक स्मृतियों के मिलने से जाना जाता है कि पुराने आचार्यों ने धर्म की रक्षा के लिए, समयानुसार धर्म की जो व्याख्या की, समय-समय पर ऋषियों के नाम से अनेक स्मृतियां बनायी थीं । रेऊजी का कहना है कि ‘‘उसी परम्परा को लेकर मेरा भी यह थोड़ा सा प्रयत्न है। बिना किसी सन्देह के इसकी आधुनिकता प्रकट करने के लिए ही इसका नाम विश्वेश्वर स्मृति रखा गया है।’’

विश्वेश्वरस्मृति में करीब तेरह सौ अनुष्टुप् छन्द है।

विश्वेश्वरस्मृति के अन्त में एक पद्य मिलता है, जिसके द्वारा विश्वेश्वरस्मृति के रचनाकाल का पता चलता है-

**षडंकांकधरोक्तेऽब्दे विक्रमार्कस्य निर्मिता ।**
**विश्वेश्वरस्मृतिरियं लोककल्याणकाम्यया ।।**

विक्रम संवत् 1996 अर्थात् 1939 ई. में लोगों के ही इस विश्वेश्वर स्मृति की रचना की गयी ।

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कार**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**आश्वासनान्यसत्यानि, चिरं स्थातुं न शक्नुयुः ।**
**न केन दुष्फलं तेषां, दुःखदमुपभुज्यते ? ॥७९॥**

झूठे आश्वासन ज्यादा समय तक नहीं ठहर सकते । उनका दुःखदायी दुष्परिणाम किसको नहीं भोगना पड़ता ?

False assurances cannot last long. Who does not need to suffer from their negative results/effects?

**इतिहासं स्वकीयं ये, यथार्थं प्रस्तुवन्ति न ।**
**प्रच्छन्नाः शत्रवो नूनं, किं ते सन्ति न ? कथ्यताम् ॥८०॥**

जो अपने इतिहास को सही रूप से प्रस्तुत नहीं करते, क्या वे छिपे दुश्मन नहीं हैं ? कहो ।

Do say, aren't the hidden enemies those that do not present history in the proper manner?

**इष्टो हरिजनोद्धारः, कस्य नास्तीति कथ्यताम् ।**
**आर्थिकः शैक्षिकस्तेषां, स्तरः पूर्वं सुधार्यताम् ॥८१॥**

हरिजनों का उद्धार किसको इष्ट नहीं है ? कहिये। पहले उन हरिजनों का आर्थिक और शैक्षिक स्तर सुधारा जाय ।

Who does not want the progress of the Harijans? Do tell. First, their economic and education level should be improved.

**इन्द्रिय–देव–वासार्थं, मर्त्त्य–देहो विनिर्मितः ।**
**परस्परं विनाश्येमं, निर्माताऽस्य न कोप्यताम् ॥८२॥**

इन्द्रियरूपी देवताओं के निवास के लिये यह मनुष्य–शरीर बनाया गया है। इसे आपस में नष्ट करके इसके निर्माता को प्रकुपित नहीं करना चाहिये ।

This human body was made for the gods in the form of senses. We should not make the Creator angry by destroying each other's bodies.

**इन्द्रियैर्मनसा पूर्णा, यतस्तृप्तिर्यदाऽऽत्मनः ।**
**तत्सौन्दर्यं तदा मान्यं, किमप्युद्बोधकं च यत् ॥८३॥**

इन्द्रियों और मन से जिस वस्तु के कारण जब आत्मा को पूर्ण तृप्ति होती हो, तब उसे सौन्दर्य मानना चाहिये और वह कुछ उद्बोधककारी भी हो ।

That thing should be considered beautiful which fully satisfies Atma through senses and mind, and can be enlightening/revealing, also.

**इच्छां निर्वाचकानां ये, पूरयन्ति न कामपि ।**
**दुष्कीर्तिमाप्य ते तेभ्यो, लभन्तेऽग्रे मतं नहि ॥८४॥**

जो निर्वाचन-कर्ताओं की किसी भी इच्छा को पूरी नहीं करते, दुष्कीर्ति पाकर वे आगे उनसे मत नहीं पाते हैं ।

Bad repute will befall those who do not fulfil any of the voter's wishes and will also not get their votes again.

**इच्छाशक्तिर् ज्ञानशक्तिः, क्रियाशक्तिश्च यत्र हि ।**
**तत्राशु सर्वकार्याणि सिध्यन्ति, नात्र संशयः ॥८५॥**

इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति ये तीन शक्तियाँ जहाँ होती हैं, वहाँ सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं, इसमें संशय नहीं ।

There is no doubt that all work will be fulfilled/accomplished where there all three: the will power, the knowledge and the action are present.

**इच्छां निर्वाचकानां यद्, दलं पूरयते नहि ।**
**सत्तायां तद् दलं कुत्र, चिरञ्जीवति ? कथ्यताम् ॥८६॥**

जो दल निर्वाचन-कर्ताओं की इच्छा पूर्ण नहीं करता है, वह दल कहाँ चिरंजीवी हुआ है ? बताओ ।

Which party is long-lived that does not fulfil the wishes of the voters? Do say! |,

**ईश्वरः कुत्र नैवास्ति, कुमार्गाद् वारयत्यसौ ।**
**तत्रोपेक्षां प्रकुर्वाणः, कुत्र दुःखं न विन्दति ? ॥८७॥**

ईश्वर कहाँ नहीं है? वह तो सभी को कुमार्ग में जाने से रोकता है। उसकी उपेक्षा करने वाला कहाँ दुःख नहीं पाता है ?

Where is the reno God? He is stopping everyone from going on the wrong path. Whereas the one who ignores him, does he not suffer?


ISSN : 2582-6360


# विविध साहित्यिक गतिविधियाँ














प्रकाशक : विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर
**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org